पाकिस्तान की क्रिकेट टीम के दौरे को रद्द किया जाना

1535. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :**
श्री एन. ई. बलराम :
श्री कृष्ण कुमार बिरला :
श्री सुरेश पचौरी :
श्री भूलेश्वर मीणा :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पाकिस्तान की क्रिकेट टीम द्वारा हाल में भारत के दौरे को रद्द किए जाने के क्या कारण हैं ; और

(ख) क्या यह दौरा अंतिम रूप से रद्द कर दिया गया है ; यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास (युवा कार्य और खेल विभाग) मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय (महिला और बाल विकास विभाग) में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (कुमारी ममता बनर्जी) : (क) और (ख) भारतीय क्रिकेट नियन्त्रण बोर्ड ने अक्तूबर-नवम्बर 1991 के दौरान पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के भारत के दौरे को अंतिम रूप दिया था । सरकार ने भारतीय क्रिकेट नियन्त्रण बोर्ड के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी ।

तत्पश्चात् भारतीय क्रिकेट नियन्त्रण बोर्ड ने सरकार को सूचित किया कि अपरिहार्य परिस्थितियों की वजह से पाकिस्तानी क्रिकेट नियन्त्रण बोर्ड ने वह दौरा स्थगित कर दिया है ।

^presentation of Indian in UNICEF

1536. SHRI MENTAY PADMANABHAM: Will the Minister of HUMAN ESOURCE DEVELOPMENT be plea-?d to state;

(a) whether it is a fact that India, }es not have an official representative in the policy making body of NICEF;

(b) whether it is a fact that an Indian on UNICEF Board presently claims to have been elected in her personal capacity;

(c) whether any officials of his Ministry have been drawing consultancy and other perquisites from UNICEF, while holding Government positions; and

(d) if so, what are the details of all officials Indian representatives in UNICEF?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS) WITH ADDITIONAL CHARGE OF MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF WOMEN AND CHILD DEVELOPMENT) (KUMARI MAMTA BANERJEE): (a) No, Sir. It is not a fact.

(b) and (d) India is a Member of the Executive Board of UNICEF. The Government of India is represented on the Executive Board by the Secretary of the Department of Women & Child Development. The Secretary, Department of Women & Child Development has been elected Chairperson of the UNICEF Executive Board by name for a period of one year from 1-8-91 to 31.7.92 in her official capacity.

(c) As far as appointment of UNICEF Consultant is concerned no officer of the Ministry of Human Resource Development is drawing any such consultancy or other fees.

उत्तर प्रदेश में साक्षरता को बढ़ावा दिया जाना

1537. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार के साक्षरता मिशनों की मुख्य-मुख्य विशेषताएं क्या हैं ;

(ख) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश में आजमगढ़, मऊ, गाजीपुर, जौनपुर और सुल्तानपुर में साक्षरता मिशन के अंतर्गत किए गए कार्य और इस उद्देश्य के लिए